# समाचार

## शबद कीर्तन का श्रवण कर भोग भण्डारे में शामिल हुयी महापौर

## (गुरूद्वारे में मत्था टेका, नगर के अमनचैन की कामना की )

कोरबा 25 नवम्बर 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज टी.पी.नगर स्थित गुरूद्वारे में पहुंचकर मत्था टेका। उन्होने शबद–कीर्तन का श्रवण लाभ प्राप्त कर आयोजित भोग भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल गुरूद्वारे में मत्था टेकते हुए नगर के अमन चैन व आमजन की सुख–समृद्धि की कामना की।

गुरू नानकदेव जयंती के परम पावन अवसर पर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गुरूद्वारे में भोग भण्डारे का भव्य आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस मौके पर गुरूद्वारे में पहुंचकर मत्था टेका तथा नगर के अमन चैन व आमजनागरिकों की सुख–समृद्धि व खुशहाली की कामना की, उन्होने शबद कीर्तन का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया तथा आयोजित भोग भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल के साथ समाजसेविका मंगल बुधिया, पूर्व सभापति संतोष राठौर, महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता संगीता सक्सेना, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान आदि ने भी भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया तथा गुरूद्वारे में मत्था टेका।